# तेरे दरबार आते रहेंगे | By Sunil Sarvottam

जय हो जय हो भोलेनाथ
सर पे रखदो अपना हाथ

तेरे दरबार पे आते थे आते हैं, आते ही रहेंगे
तेरा गुणगान सुनाते थे, सुनाते हैं, सुनाते ही रहेंगे
तेरे दरबार पे ............

तेरे दरबार पे हमने वो चमत्कार देखे हैं
जो सब कुछ हार बैठे थे वो साहूकार देखे हैं
तेरा दरबार सजाते थे, सजाते हैं सजाते ही रहेंगे
तेरे दरबार पे आते थे आते हैं, आते ही रहेंगे

तेरे दरबार पे हारों को सदा जीत मिलती है
तेरे दरबार पे गिरतों को सदा प्रीत मिलती है
तेरे दरबार से पाते थे, पाते हैं, पाते ही रहेंगे
तेरे दरबार पे आते थे आते हैं, आते ही रहेंगे

तेरे दरबार पे आते ही गम दूर होते हैं
वो सब कुछ पा के जाते हैं के जो मजबूर होते हैं
तेरे दर शीश झुकाते थे, झुकाते हैं, झुकाते ही रहेंगे
तेरे दरबार पे आते थे आते हैं, आते ही रहेंगे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%86%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a5%87%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%87-by-sunil-sarvottam-2/